# सर-सर-सर



एक दिन गीता और मीता सो रही थीं। तभी कमरे की बिजली कट गई। उन्हें अचानक सर-सर-सर की आवाज़ आने लगी। दोनों आवाज़ सुनकर डर गईं। आवाज़ कभी एक कोने से आती तो कभी दूसरे कोने से। अँधेरे में उन्हें कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था।



दोनों बहुत ज़्यादा डरने लगीं। तभी बिजली आ गई। उन्होंने देखा कि पॉलिथीन में एक भँवरा है। वह उस पॉलिथीन को लेकर उड़ रहा है। पॉलिथीन से ही सर-सर-सर की आवाज़ आ रही थी। यह देखकर दोनों ज़ोर-ज़ोर से हँसने लगीं।

LLF Language and Learning foundation

शिक्षा का अधिकार
सब पढ़ें सब बढ़ें

HSSPP

Designed by www.stelladesignandprint.com